# ज़रा सिर तो खुजलाइए

*घड़ी लेकर तैयार हो जाइए क्योंकि शुरुआत में आपको फुर्ती दिखानी होगी। सबसे पहले, सवाल पढ़ते ही दस सेकंड के भीतर सिर्फ अंदाज़ लगाकर उसका जवाब देने की कोशिश कीजिए। फिर उठाइए कागज़ पेंसिल और देखिए कि आपका अनुमान कितना सही था . . .। जैसा बताया है ठीक वैसा ही करेंगे तो बाद में आपको भी मज़ा आएगा। फिर से, केवल दस सेकंड, और केवल अनुमान।*

> सवाल: मान लीजिए कि पृथ्वी सूर्य के चारों ओर जिस कक्षा में घूमती है वह एकदम गोलाकार है और उसकी त्रिज्या एक करोड़ बावन लाख किलोमीटर है। अगर हम इस कक्षा की त्रिज्या एक मीटर बढ़ा दें तो उसकी परिधि में कितनी वृद्धि होगी?

न. . न. .न. . पहले तो आपको दस सेकंड के भीतर जवाब देने की कोशिश करनी है। पेंसिल कागज़ तो बाद में।

हमें आपके दोनों जवाब का इंतज़ार रहेगा . . .। साथ ही हल करने का तरीका भी ज़रूर लिखें। सवाल हल करने के दौरान हुए अन्य अनुभव भी।

जवाब इस पते पर भेजने हैं;

***संदर्भ, द्वारा एकलव्य, कोठी बाज़ार, होशंगाबाद – 461 001***

---

पिछले अंक का जवाब पेज नंबर 73 पर

